पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने होली पर्व की बधाई का आदान-प्रदान किया

कुष्ठ पीड़ितों के बच्चों को राजभवन पर विशेष रूप से आमंत्रित किया

लखनऊः 22 मार्च, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने होली के अवसर पर कुष्ठ आश्रम बरगवां आलमबाग के कुष्ठ पीड़ितों के बच्चों को राजभवन में विशेष रूप से आमंत्रित किया। राज्यपाल व उनकी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक ने बच्चों को गुलाल, पिचकारी तथा मिष्ठान वितरित किये। बच्चों ने राजभवन में गुझिया व अन्य पकवानों का जायका लिया तथा राज्यपाल को गीत भी सुनायें। राज्यपाल ने कहा ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य हेतु अपनी शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

इससे पूर्व राज्यपाल ने राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली की बधाई दी तथा उनकी सुख-समृद्धि की कामना की है। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन उद्यान के कर्मचारियों को खाद्यान्न एवं मिष्ठान वितरित किया।

होली के अवसर पर राज्यपाल से राज्य सूचना आयुक्त श्री हाफिज उस्मान, पुलिस महानिदेशक श्री जावीद अहमद, प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, सेना के अधिकारीगण, कई विश्वविद्यालय के कुलपतिगण, विभिन्न शैक्षिक संस्थानांे के प्रतिनिधिगण, केन्द्रीय संस्थानों के अधिकारीगण, विभिन्न कर्मचारी संगठन, पत्रकार बन्धुओं तथा गणमान्य नागरिकों ने भेंट की तथा होली की बधाई दी।

होली के अवसर पर राज्यपाल ने बधाई देते हुए कहा है कि होली का पावन पर्व हमें सारे भेदभाव भुलाकर आपसी सद्भाव के साथ पर्व मनाने का सन्देश देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि भाईचारे का यह त्यौहार सभी सम्प्रदाय एवं वर्गों के बीच प्रेम-स्नेह और सौहार्द की भावना को और मजबूत बनायेगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (117/39)